**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 37 /10/विज्ञापन अनुभाग (ग्यारह)/2026/08-परीक्षा/2026**

लखनऊ : दिनांक : 23 जून, 2026

## शुद्धि-पत्र

**कार्यालय आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश** के नियंत्रणाधीन **आबकारी सिपाही** के कुल रिक्त **722 पदों** पर चयन हेतु प्रेषित अधियाचन के क्रम में आयोग द्वारा **विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2026, आबकारी सिपाही मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2025)/09के अंतर्गत** कुल **रिक्त 722 पदों (612 पद सामान्य चयन व 110 पद विशेष चयन)** पर चयन हेतु **दिनांक 06-04-2026** को विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। उक्त विज्ञापन के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन/ शुल्क जमा करना प्रारम्भ होने की तिथि 04-06-2026, ऑनलाइन आवेदन/ शुल्क जमा /आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 24-06-2026 तथा शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि 01-07-2026 निर्धारित है।

प्रश्नगत विज्ञापन के बिन्दु संख्या-04 में यह उल्लिखित है कि विज्ञापित रिक्तियों की कुल व श्रेणीवार संख्या घट/बढ़ सकती है। तदनुक्रम में विभाग द्वारा रिक्तियों की अद्यतन स्थिति के अनुसार **आबकारी सिपाही** के रिक्त **98 पदों (70 पद सामान्य चयन व 28 पद विशेष चयन)** पर चयन हेतु अनुरोध किया गया है, जिसके दृष्टिगत चयन हेतु प्रश्नगत विज्ञापन में विज्ञापित रिक्तियों की संख्या **722** से बढ़कर अब **820 ( 682 पद सामान्य चयन व 138 पद विशेष चयन)** हो गयी है, जिसका श्रेणीवार विवरण निम्नवत है –

## संशोधित पदों के सापेक्ष लम्बवत आरक्षण का विवरण-

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | लेवल/ वेतनमान/ वेतन बैण्ड/ ग्रेड-पे | अधियाचित कुल रिक्त पदों का आरक्षणवार विवरण | | | | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (E.W.S.) | कुल पद | स्थायी/ अस्थायी |
| 1 | कार्यालय आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, प्रयागराज | आबकारी सिपाही | लेवल-2, वेतनमान (न्यूनतम): 19900, वेतनमान (अधिकतम): 63200 | 274 | 143 | 13 | 184 | 68 | 682 | स्थायी व अस्थायी |
| 2 | कार्यालय आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, प्रयागराज | आबकारी सिपाही (विशेष चयन) | लेवल-2, वेतनमान (न्यूनतम): 19900, वेतनमान (अधिकतम): 63200 | -- | 57 | 14 | 67 | -- | 138 | स्थायी व अस्थायी |

# संशोधित पदों के सापेक्ष क्षैतिज आरक्षण का विवरण-

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | क्षैतिज आरक्षण का विवरण | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | स्व0 संग्राम सेनानी के आश्रित | दिव्यांगजन / पद संख्या व विभाग द्वारा चिन्हांकित उप श्रेणियां | | | | | सैन्य वियोजित /भूतपूर्व सैनिक | महिला | उत्कृष्ट खिलाड़ी |
| | | | | (क) दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टिहीनता | (ख) बधिर और श्रवण शक्ति में ह्रास | (ग) प्रमस्तिष्कीय अंगघात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण सहित चलन क्रिया सम्बन्धी निःशक्तता | (घ) स्वपरायणता, बौद्धिक निःशक्तता, विशिष्ट अधिगम निःशक्तता और मानसिक अस्वस्थता | (ङ) खण्ड (क) से (घ) के अधीन आने वाले व्यक्तियों में से बहु निःशक्तता, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक निःशक्तता के लिए अभिज्ञानित पदों में बधिर-अंधता सम्मिलित है (MD) | | | |
| 1 | कार्यालय आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, प्रयागराज | आबकारी सिपाही | 13 | -- | -- | -- | -- | -- | 34 | 136 | 13 |
| 2 | कार्यालय आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, प्रयागराज | आबकारी सिपाही (विशेष चयन) | 02 | -- | -- | -- | -- | -- | 06 | 27 | 02 |

**नोट: दिनांक 06-04-2026 को प्रकाशित विज्ञापन की सारणी-1 एवं सारणी-2 को उक्तानुसार संशोधित समझा जायेगा।**

सूच्य है कि यह शुद्धि-पत्र आयोग के विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2026, दिनांक 06-04-2026 के अनुक्रम में निर्गत किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आवेदन की प्रक्रिया, आवेदन शुल्क, चयन का आधार एवं विहित शर्तें व अनुदेश वहीं रहेगें, जो पूर्व में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत प्रकाशित किये गये हैं।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2026 के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन/ शुल्क जमा/ आवेदन सबमिट करने/ शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि यथावत रहेंगी।

(हरिकेश चौरसिया)
सचिव।